भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 92
दिनांक 08.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालना

***92. श्री एंटो एन्टोनी:**
श्री ए. राजा:

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने गाजा पट्टी में बढ़ते जा रहे तनाव पर ध्यान दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में देश का आधिकारिक रुख क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इजराइल से संपर्क करने और इस स्थिति को शान्त करने के लिए कोई प्रयास किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस क्षेत्र में प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की मानवीय सहायता प्रदान की है/प्रदान करने का इरादा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रभावित लोगों को किस प्रकार की मदद और सहायता तथा चिकित्सा राहत प्रदान की गई है;

(घ) इजराइल और फिलीस्तीनी सेनाओं के बीच युद्ध छिड़ने के बाद चलाए गए "ऑपरेशन अजय" के अंतर्गत इजरायल/गाजा पट्टी से कितने भारतीय नागरिकों को सुरक्षित भारत लाया गया है; और

(ङ) क्या भारतीय नागरिकों, भारतीय दूतावास और उनके कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इजराइली प्राधिकारियों के साथ कोई प्रयास किए गए थे और उनसे बातचीत की गई थी?

उत्तर
विदेश मंत्री
(डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के संबंध में दिनांक 08.12.2023 के लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या 92 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) और (ख) भारत ने 7 अक्टूबर 2023 को इज़राइल पर हुए आतंकवादी हमलों और इज़राइल तथा हमास के बीच जारी संघर्ष में नागरिकों के मारे जाने की कड़ी निंदा की है। हम सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति पर चिंतित हैं और हमने संयम बरतने, तनाव कम करने का आह्वान किया है और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर बल दिया है। हम मानवीय आधार पर अस्थायी युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हैं।

प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने इज़राइल के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री तथा फिलिस्तीनी राष्ट्रपति सहित इस क्षेत्र के और पूरे विश्व के कई नेताओं के साथ बातचीत की है। भारत ने जी20, ब्रिक्स और वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भी गाजा में चल रही स्थिति का मुद्दा मजबूती से उठाया है और अपना रुख दोहराया है।

(ग) भारत ने 22 अक्टूबर 2023 और 19 नवंबर 2023 को फिलिस्तीन के लोगों को 2 किश्तों में 16.5 टन दवाएं एवं चिकित्सा आपूर्ति सहित 70 टन मानवीय सहायता सामग्री प्रदान की है। इसमें टेंट, कंबल, स्वच्छता किट, जीवन रक्षक दवाएं, सर्जिकल सामग्री और चिकित्सा उपकरण शामिल हैं।

(घ) अब तक, इज़राइल से ऑपरेशन अजय के तहत संचालित छह विशेष उड़ानों से 1309 भारतीय नागरिक भारत लौट आए हैं और हमने गाजा पट्टी से एक भारतीय नागरिक को वापस लाने की भी सुविधा प्रदान की है।

(ङ) तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास, इज़राइल में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तथा संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय समुदाय और इज़राइल राष्ट्र की सरकार के संबंधित विभागों और मंत्रालयों के साथ नियमित संपर्क में है।

*****